F. No: CSU-LKO/2023-24/

Central Sanskrit University, Lucknow Campus

सं.-

दिनांक-11.01.2024
12

सूचना -141

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर और लोकभारती देववृक्ष अभियान के संयुक्त तत्त्वावधान में "देववृक्षों का महत्त्व" विषय पर विद्वत् संगोष्ठी का आयोजन कक्ष सं.-04 में दिनांक-19.01.2024 को अपराह्ण 02:30 बजे सुनिश्चित किया गया है, जिसमें बाह्य विशेषज्ञ एवं अतिथिगण सम्मिलित होंगे।

पर्यावरण संरक्षण आजकल विश्व की प्राथमिकता बन गयी है। हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही प्रकृति में दैवीय गुणों को मानते हुए पर्यावरण की संरक्षण नित्यजीवन के विधान में था। परिसर में भी वनस्पतियाँ एवं पर्यावरण के रक्षण का ध्यान दिया जाता है। कक्षाओं में भी औपचारिक रूप से पर्यावरण शिक्षा पढ़ाई जाती है। प्रस्तुत लोकभारती : देववृक्ष अभियान के तहत प्रदेश में देववृक्षों के रोपण एवं संरक्षण के विषय में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इनके संयुक्त तत्वावधान में इस विद्वद् गोष्ठी के साथ-साथ आगे भी इस अभियान के लिए अपेक्षित सारस्वत योगदान परिसर की ओर से रहेगा।

इस संगोष्ठी में निम्नलिखित उपविषयों पर भी चर्चा की जायेगी।

1. देववृक्षों का धार्मिक महत्त्व।
2. देववृक्षों से सम्बन्धित व्रत।
3. ज्योतिषीय उपचारों में देववृक्ष।
4. वानस्पतिक मणियाँ।
5. धार्मिक कर्मकाण्डों में प्रयुक्त वनस्पतियाँ।

उपरोक्त विषयों तथा सम्बद्ध अन्य विषयों पर जो परिसरीय प्राध्यापक पत्र वाचन/वक्तव्य प्रस्तुत करना चाहते हैं वे दिनांक 17.01.2024 तक अपना नाम संयोजक प्रो. गणेश शंकर विद्यार्थी, प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा सूचित करना चाहेंगे।

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त प्राध्यापकों को सूचनार्थ।
2. सूचना सञ्चिका।
3. सूचना पट्ट(मुख्य भवन)।
4. सम्बद्ध सञ्चिका।
5. समन्वयक आई.क्यू.ए.सी.।
6. वेबसाइट पर अपलोड हेतु ।
7. निदेशक कार्यालय प्रति।

निदेशक